# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 19.07.2024 (दोपहर–1310 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. झारखंड उच्च न्यायालय ने सीबीआई और राज्य सरकार से सांसद और विधायकों के खिलाफ लंबित आपराधिक मामलों पर हो रही कार्रवाई की मांगी अद्यतन रिर्पोट।
2. छब्बीस जुलाई से शुरू हो रहा झारखंड विधानसभा का मॉनसून सत्र, दो अगस्त तक चलने वाले सत्र के दौरान कुल छह बैठकें की जायेंगी आयोजित।
3. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल एकदिवसीय दौरे पर आ रहे हैं रांची, पार्टी की विस्तृत कार्यसमिति की बैठक में लेंगे भाग, धुर्वा के प्रभात तारा मैदान में कार्यकर्ताओं को करेंगे संबोधित।
4. भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण– एन.एच.ए.आई ने आगे वाले शीशे पर फास्टैग नहीं लगाने वाले वाहनों से दोगुना टोल वसूलने का जारी किया दिशा–निर्देश। *और*
5. विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला के दौरान रेलवे ने देवघर, जसीडीह और सुल्तानगंज स्टेशन पर 22 जुलाई से 19 अगस्त तक विशेष ट्रेन चलाने और कई ट्रेनों का ठहराव देने का लिया निर्णय।

*****************

झारखंड के सांसद और विधायकों के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों के शीघ्र निष्पादन के लिए दाखिल जनहित याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में कल सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने राज्य सरकार और सीबीआई को शपथ पत्र के माध्यम से अबतक की गयी कार्रवाई की अद्यतन रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। अदालत इस मामले में दो सप्ताह के बाद सुनवाई करेगी। बता दें कि कुछ वर्ष पहले सुप्रीम कोर्ट ने देश के सभी उच्च न्यायालयों को राजनेताओं के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों के निष्पादन का आदेश जारी किया था।

*****************

केंद्र सरकार 22 जुलाई से शुरू हो रहे संसद के मॉनसून सत्र में आपदा प्रबंधन अधिनियम में संशोधन सहित छह नए विधेयक पेश करेगी। सरकार ने वित्त विधेयक के अलावा नागरिक उड्डयन क्षेत्र में व्यापार को सुगम बनाने के उद्देश्य से 1934 के विमान अधिनियम को बदलने के लिए भारतीय वायुयान विधेयक 2024 को भी सूचीबद्ध किया है। लोकसभा सचिवालय से कल शाम जारी संसद बुलेटिन में विधेयकों की सूची प्रकाशित की गई है। संसद का मानसून सत्र 22 जुलाई से शुरू होगा जो 12 अगस्त तक चलेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को संसद में केंद्रीय बजट पेश करेंगी। इस बीच, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बिजनेस एडवाइजरी कमेटी–बीएसी का गठन किया है जो संसदीय एजेंडा तय करती है।

*****************

इधर झारखंड विधानसभा का मॉनसून सत्र 26 जुलाई से शुरू होगा। इसके लिए राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने स्वीकृति दे दी है। सूत्रों के अनुसार मॉनसून सत्र 26 जुलाई से 2 अगस्त तक चलेगा। इस सत्र में कुल छह कार्यदिवस होंगे। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर इस सत्र के काफी हंगामेदार होने की संभावना है।

*****************

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल एक दिवसीय दौरे पर रांची आ रहे हैं। इस दौरान वे भाजपा की विस्तृत कार्यसमिति की बैठक में हिस्सा लेंगे। इसके बाद धुर्वा के प्रभात तारा मैदान में पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। इधर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आगमन को लेकर झारखंड में चल रहे नक्सल अभियान और गतिविधियों पर आज डीजीपी की अध्यक्षता में होने वाली समीक्षा बैठक रद्द कर दी गयी है। गृह मंत्री की सुरक्षा को लेकर झारखंड मंत्रालय में

बैठक होनी है, जिसमें मुख्य सचिव, गृह सचिव, डीजीपी समेत कई अधिकारी शामिल होंगे। इसलिए नक्सल समीक्षा की बैठक को रद्द कर दिया गया है।

******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज गिरिडीह जिले के मधुवन पहुंच रहे हैं। वे वहां मरांग–बुरु की पूजा अर्चना करेंगे। उसके बाद मुख्यमंत्री मधुवन में विकास योजनाओं की समीक्षा करेंगे। इसके साथ ही वे एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इधर मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर गिरिडीह जिला प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है।

******************

खूंटी जिले में कर्रा स्थित किसान पाठशाला उन्नतशील किसानों के लिए प्रशिक्षण का केंद्र बन गया है।

******************

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण– एनएचएआई आगे वाले शीशे पर फास्टैग नहीं लगाने वाले वाहनों से दोगुना टोल वसूल करेगा। प्राधिकरण ने कहा कि जान बूझकर विंडस्क्रीन पर फास्टैग न लगाने से टोल प्लाजा पर अनावश्यक देरी होती है, जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग उपयोगकर्ताओं को असुविधा होती है। इस संबंध में सभी उपयोगकर्ता शुल्क संग्रह एजेंसियों को विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया जारी की गई है।

******************

सीबीआई ने नीट–यूजी प्रवेश परीक्षा के पेपर लीक मामले में रांची इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज–रिम्स की एक छात्रा को गिरफ्तार किया है। रिम्स की 2023 बैच की एमबीबीएस छात्रा सुरभि कुमारी को गहन पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया। सीबीआई ने उसका मोबाइल, लैपटॉप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट जब्त कर लिया है। झारखंड के रामगढ़ जिले की निवासी सुरभि कुमारी ने कथित तौर पर पेपर लीक मामले के दोषियों के लिए परीक्षा के पेपर हल किए थे।

******************

देवघर में श्रावणी मेला के दौरान स्वास्थ्य विभाग की ओर से श्रद्धालुओं की चिकित्सा सुविधा के लिए पैंतीस स्थायी और अस्थायी स्वास्थ्य केंद्र बनाये जायेंगे। साथ ही मेला स्वास्थ्य शिविरों के सफल संचालन के लिए पारा मेडिकल कर्मियों को प्रभार भी दिया गया है। यह जानकारी जिले के सिविल सर्जन डॉ रंजन कुमार सिन्हा ने दी। इधर श्रावणी मेला को लेकर पूर्व रेलवे ने भी विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। इसलिए यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने 22 जुलाई से 19 अगस्त के बीच श्रावणी मेला अवधि के दौरान यात्रियों की भीड़ को कम करने के लिए सुल्तानगंज स्टेशन पर मेल–एक्सप्रेस ट्रेनों का अतिरिक्त ठहराव प्रदान करने तथा जसीडीह स्टेशन पर ठहराव समय का विस्तार करने का निर्णय लिया है।

******************

झारखंड में अभी मॉनसून कमजोर पड़ गया है। राज्य में बारिश नहीं होने से एक बार फिर से गर्मी पड़ने लगी है इससे दो से चार डिग्री सेल्सियस तक तापमान में वृद्धि हुई है। इधर, मौसम विभाग ने कहा है कि झारखंड में 21 जुलाई से मौसम बदलेगा और अच्छी बारिश की संभावना बन रही है। इससे किसानों में उम्मीद जगी है।

उधर चतरा जिले में पिछले 24 वर्षों से सामान्य वर्षा अनुपात से कम बारिश हो रही है। कम बारिश का असर भू जल स्तर पर पड़रहा है। इस वर्ष मई और जून के महीने में जिले में पीने के पानी का संकट एक गंभीर समस्या के रूप में देखने को मिला है।

******************

महिला एशिया कप टी–20 क्रिकेट प्रतियोगिता आज से श्रीलंका में शुरू हो रही है। वर्तमान चौंपियन भारत का मैच आज पाकिस्तान के साथ होगा। यह मैच भारतीय समय के अनुसार शाम सात बजे से खेला जाएगा।

**************************